सुविचार

खुद को एक सोने के सिक्के जैसा बनाइये, जो कि अगर नाली में भी गिर जाए तो भी उसकी क़ीमत कम नहीं होती है...

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 119 ● मुंबई, शुक्रवार 27 दिसम्बर-2024 ● प्रधान सम्पादक: पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● नि:शुल्क ●

## खबर संक्षेप

### पूर्व प्रधानमंत्री डॉ सिंह के निधन पर देवनानी ने संवेदना व्यक्त की

● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पूर्व प्रधानमंत्री और राजस्थान से राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। देवनानी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

### युवा सम्मेलन को लेकर 28 को बैठक का होगा आयोजन

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज द्वारा 5 जनवरी को भिलूड़ा में होने वाले विशाल युवा सम्मेलन को लेकर 28 दिसंबर को दोपहर 2 बजे भिलुड़ा में कार्यक्रम की रूपरेखा के क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी युवा प्रकोष्ठ संभाग अध्यक्ष विनोद पांडे ने बताया की बैठक में संभागीय कोर कमेटी अध्यक्ष सेवानिवृत तुलसीराम जोशी कार्यक्रम समन्वयक भूपेंद्र पंड्या सभी चोखलो के अध्यक्ष सभी चौखलो के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रबंध एवम व्यवस्था समिति सदस्य आयोजन समिति सदस्यों के साथ भिलुडा के त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज के गणमान्य व्यक्ति एवम युवा उपस्थित रहेंगे।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत बीएन शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** 5 राज गर्ल्स एनसीसी द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर का आयोजन भूपाल नोबल्स संस्था के कैंपस में दिनांक 23 दिसंबर से 4 जनवरी 2024 तक आयोजित किया जा रहा है कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन सिंह रावत ने बताया शिविर में द्वितीय दिवस आशु भाषण (एक्सटेंपोर स्पीच) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना तथा राजस्थान निदेशालय के सभी विंग के कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, सामान्य ज्ञान तथा करंट अफेयर्स पर आधारित विषयों पर सभी कैडेट्स ने अपने विचार प्रकट किए जिसमें प्रथम स्थान कोटा ग्रुप के कैडेट्स ने हासिल किया। शिविर के दूसरे पहर में शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत आज जयपुर और कोटा ग्रुप के कैडेट्स को महाराणा प्रताप की गौरव गाथा की झलक दिखाने के साथ ही राजस्थान के इतिहास से परिचित कराने के लिए प्रताप गौरव केंद्र का भ्रमण करवाया गया। गेस्ट लेक्चर में महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय से सेवानिवृत प्रोफेसर गायत्री तिवारी मैडम द्वारा सभी कैडेट्स को लाइफ इज एन आर्ट स्किल विषय पर लेक्चर लिया गया जिसमें उन्होंने सभी कैडेट्स को जीवन की विपरीत परिस्थितियों से सामना करने तथा अपने जीवन शैली के बदलाव के विषय में सभी कैडेट्स को जानकारी दी। संध्या काल में सभी कैडेट्स तथा स्टाफ को मेजर डॉ बेला मालिक द्वारा योग एवं मेडिटेशन का सेशन लिया गया जिसमें सभी कैडेट्स को तनाव मुक्त रहने के विभिन्न विभिन्न तरीके सिखाये।

### भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में गुरुवार को जिला परिषद सभागार में सीईओ हेमेन्द्र नागर की अध्यक्षता में सुशासन दिवस मनाया। सीईओ नागर एवं अन्य प्रबुद्धजनों ने स्व. श्री वाजपेयी की तस्वीर को माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया सीईओ ने राष्ट्रहित में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया और सुशासन के लिए सभी को पूर्ण निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से करने का आह्वान किया। कार्यक्रम अंतर्गत अटल विचार संगोष्ठी एवं अटल कविता पाठ अंतर्गत शिक्षा विभाग से हरिदत्त शर्मा ने स्व.श्री वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्रीय कविश्री सिद्धार्थ देवल ने कविता पाठ किया।

## चित्तौड़गढ़ जिले में डीएसटी व थाना बेंगू पुलिस की कार्रवाई

# ट्रक से 851 किलो 790 ग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**1.27 करोड़ रुपये है कीमत, सुबह के घने कोहरे व फसल की आड़ में फरार हुए चालक की तलाश जारी**

● पदमावत मीडिया





**जयपुर/चित्तौड़गढ़।** जिले की बेंगू थाना पुलिस व जिला विशेष टीम ने अवैध डोडा चूरा की तस्करी के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए सरहद रायती में एमपी की तरफ से आ रहे एक सन्दिग्ध ट्रक से 851 किलो 790 ग्राम अवैध डोडा चूरा जब्त कर मौके से आरोपी खलासी रतन लाल बैरवा पुत्र भंवरलाल (24) निवासी कंवलियास थाना बडलियास जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 1.27 करोड रुपए आंकी गई है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए समस्त थानाधिकारियों व जिला विशेष टीम को विशेष दिशा-निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में एएसपी भगवत सिह हिगड़ के निर्देशन व डीएसपी बेगूं अंजली सिह के सुपरविजन मे थानाधिकारी बेगू रविन्द्र चारण मय टीम हैड कांस्टेबल भगवानलाल, कांस्टेबल धर्मेन्द्र, मनोहर, कमलेश व रतन सिंह द्वारा गुरुवार सुबह काटुन्दा सिंगोली रोड पर रायती गांव पहूंच नाकाबन्दी की। इसी दौरान जयसिंहपुरा की तरफ सामने से एक ट्रक तेज गति से आया। पुलिस नाकाबन्दी को देखकर ट्रक चालक ने थोडी दूरी पहले ट्रक रोक लिया। जिसमे से चालक व खलासी उतरकर भागने लगे। पुलिस जाप्ता द्वारा पीछा कर खलासी रतन लाल बैरवा को पकड लिया, चालक घने कोहरा में सरसों के खेत होते हुए भागने में सफल रहा। ट्रक को चैक किया गया तो उसमें रखे प्लास्टिक के काले रंग के कट्टों में अवैध अफीम डोडाचुरा भरा हुआ पाया। जिनका तोल किया गया तो 46 कट्टों में कुल 851 किलो 790 ग्राम अवैध अफीम डोडाचुरा मिला। उक्त अवैध डोडाचूरा व ट्रक जब्त कर ट्रक चालक व खलासी रतनलाल के विरुद्ध थाना बेंगू पर प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी हैं। उक्त कार्रवाई में जिला विशेष टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर जोधाराम, हैड कांस्टेबल मुस्ताक खांन, कांस्टेबल मुनेन्द्र, रोशन व रमेश एवं थाना पारसोली के कांस्टेबल मनोज का विशेष योगदान रहा हैं।

## गबन करने वाले कैशियर सहित सहायक अभियंता व सहायक राजस्व अधिकारी निलंबित

### जांच जारी, जो भी कार्मिक और दोषी पाया जाएगा उस पर निगम नियमानुसार सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी: प्रबंध निदेशक

● पदमावत मीडिया

**अजमेर।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 21 दिसंबर 2024 को सहायक अभियंता मावली कार्यालय में तैनात कैशियर के विरुद्ध मावली थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी थी। शिकायत दर्ज कराने के बाद निगम के लेखाधिकारी तथा सहायक लेखाधिकारी द्वारा प्रथम दृष्ट्या जांच करने में करीब 1.15 करोड़ रुपयों के गबन का खुलासा हुआ। इसके बाद पुलिस ने 24 दिसंबर को कैशियर धर्मवीर चौधरी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उपरोक्त प्रकरण में अजमेर डिस्कॉम प्रबंधन ने संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से मावली उपखंड के सहायक अभियंता बृजेन्द्र गहलोत, कैशियर धर्मवीर चौधरी, तथा सहायक राजस्व अधिकारी अद्धितीय निमावत को निलंबित कर दिया है। निलंबन काल में इन तीनो का मुख्यालय सम्भागीय मुख्य अभियंता कार्यालय उदयपुर रहेगा। प्रबंध निदेशक के.पी. वर्मा ने सभी संभागीय मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, मुख्य लेखाधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, वृत्त लेखाधिकारी, सहायक लेखाधिकारी को निर्धारित मानकों के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए निर्देशित किया है ताकि अनुचित कार्रवाई से बचा जा सके। श्री वर्मा ने कहा कि जांच में जिस भी कार्मिक की संलिप्तता पायी जाएगी उसके विरुद्ध निगम नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## माता पिता की स्मृति में जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर में प्याऊ का किया उद्घाटन

● पदमावत मीडिया

**संवाददाता ईश्वर लाल सुथार**



**सलूंबर।** सलूंबर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निर्माण कराए गए प्याऊ का उद्घाटन भामाशाह रूपलाल सुथार, शंकर लाल सुथार, अर्जुन लाल सुथार, एसपी राजेंद्र यादव, पुलिस उपाधीक्षक हेरम्ब जोशी, उप प्रधान देवेंद्र सिंह अजबावत, जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र मेहता ने किया।भामाशाह व समाजसेवी शंकर लाल माकडसीमा ने अपने माता-पिता के स्मृति में विद्यालय में छात्र-छात्राओं को पानी पीने के लिए प्याऊ का निर्माण कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशाग्र जैन ने बताया कि विश्वकर्मा समाज के कर्मठ व्यक्तित्व स्वर्गीय पृथ्वीराज सुथार की स्मृति में उनके सुपुत्र रूपलाल सुथार, शंकर लाल सुथार एवं अर्जुन लाल सुथार ने विद्यालय हित व जन भाव को ध्यान में रखते हुए छात्र छात्राओ को उच्च गुणवत्ता युक्त पानी प्राप्त हो सके इस दृष्टि से विद्यालय परिसर में एक बेहतरीन प्याऊ का निर्माण करवाया है। प्रधानाचार्य ने भामाशाह परिवार का आभार जताया है। 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर दिशिका सुथार निचला गिरवा,100 मीटर पुरुष दौड़ में प्रथम स्थान पुष्पेंद्र सुथार वागड़ बैठक, 200 मीटर पुरुष दौड़ में विजय सुथार प्रथम स्थान वेरगटा बैठक, 200 मीटर महिला वर्ग में प्रथम स्थान दिशिका सुथार निचला गिरवा, 400 मीटर पुरुष दौड़ में शिव सुथार प्रथम स्थान सेरा वाकल मजावद, 400 मीटर महिला वर्ग में गोरी सुथार प्रथम स्थान आयड बैठक, चित्रकला 6 से 8 वर्ग में लक्ष्य सुथार प्रथम स्थान, चित्रकला 9 से 12 वर्ग में जिया सुथार, सामान्य ज्ञान 9 से 12 वर्ग में कुंदन सुथार प्रथम स्थान, चित्रकला 6 से 8 वर्ग में किंजल सुथार प्रथम स्थान, बैडमिंटन (महिला एकल) - गामटी वनावल की आशा ने वेरगटा की दिशा को 15-4, 15-6 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। झालावाड़, निचला गिर्वा, सेरा वाकल मजावद, डूंगरपुर, आयड उदयपुर, वेरगटा (मेवाड़), ने क्रिकेट के कवाटर फाइनल में प्रवेश किया।

## सहायक आचार्य ( चिकित्सा शिक्षा विभाग ) संवीक्षा परीक्षा-2021

### पात्रता जांच के लिए एनाटॉमी, रेडियोथेरेपी, की विचारित सूची जारी

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य- ब्रॉड स्पेशलिटी (चिकित्सा शिक्षा विभाग) संवीक्षा परीक्षा-2021 के तहत पात्रता जांच हेतु एनाटॉमी एवं रेडियोथेरेपी के पदों की विचारित सूची जारी की गई है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि 25 अगस्त 2022 को आयोजित संवीक्षा परीक्षा के फलस्वरूप एनाटॉमी के पदों हेतु 23 एवं रेडियोथेरेपी के पदों हेतु 9 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु अस्थाई रूप से विचारित सूची में सम्मिलित किया गया है। विचारित सूची चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित किये जाने के क्रम में केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से है तथा यह साक्षात्कार हेतु सफल अभ्यर्थियों की सूची नहीं है। साक्षात्कार हेतु अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के पश्चात जारी की जायेगी। विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किए गए अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर उसे पूर्ण रूप से भरकर (2 प्रतियों में) तथा समस्त शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रति सहित 8 जनवरी 2025 की सांय 6 बजे तक आयोग कार्यालय में भिजवा देवें।

## भाई-भाभी पर जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**जमीन विवाद में की थी वारदात, पूछताछ में जुटी दोवड़ा थाना पुलिस**

● पदमावत मीडिया




**डूंगरपुर।** जिले की दोवड़ा थाना पुलिस ने पति-पत्नी पर जानलेवा हमला करने के एक आरोपी भाई को गिरफ्तार किया है। दोनों भाइयों के बीच जमीन विवाद में हमले की पूरी वारदात हुई थी। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। दोवड़ा थानाधिकारी मदनलाल ने बताया कि रमेश पुत्र अमरजी पाटीदार निवासी खेरमाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया की वह ओर आरोपी रतिलाल पाटीदार (41) उसका छोटा भाई है। दोनों के घर और आंगन आपस में मिले हुए है। 10 दिसम्बर को वह घर के आगे जेसीबी खड़ी कर अंदर गया। उस समय भाई रतिलाल लोहे की रॉड लेकर उनके घर आया। पत्नी से आंगन की जमीन कम कर देने की बात करते हुए झगड़ा करने लगा। आरोपी भाई ने पत्नी पर लोहे की रोड से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिस वह बचाने गया तो उस पर भी जानलेवा हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। हमले में दोनों को चोटें आई। वहीं, फ्रैक्चर भी हुए। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी भाई रतिलाल पाटीदार को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी भाई से पूछताछ कर रही है।

## अटल जन सेवा शिविर में जिला कलेक्टर ने की जन सुनवाई

# प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में गुरुवार को झल्लारा पंचायत समिति परिसर में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के अध्यक्षता में किया गया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने जनसुनवाई शिविर के दौरान आमजन की विभिन्न समस्याओं एवं प्राप्त प्रकरणों का मौके पर ही अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिये। शिविर के आरम्भ में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार सहित अतिथियों ने स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। ततपश्चात जनसुनवाई आरम्भ करते हुए आमजन से प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस दौरान राज्य एवं केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्र भी भरवाएं गए। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप आमजन को राहत देने के लिए आयोजित इस अटल जन सेवा शिविर में अधिक से अधिक परिवादो का निस्तारण करना सुनिश्चित करे। इस दौरान कुल 15 परिवाद प्राप्त हुई जिनका त्वरित निस्तारण किया गया।

### जिले में हुआ अटल जन सेवा शिविर का आयोजन

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में गुरुवार को सलूंबर जिले की सभी पंचायत समिति परिसर में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के आरम्भ में अतिथियों ने स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। ततपश्चात जनसुनवाई आरम्भ करते हुए आमजन से प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण किया। जनसुनवाई शिविर में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार और सलूंबर पंचायत समिति शिविर में एसडीम पर्वत सिंह चुंडावत, तहसीलदार मयूर शर्मा, बीडीओ खुमान सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी उपस्थित रहे।

## सांसद रावत ने सुशीला मीणा से की मुलाकात, अच्छे स्कूल और अकादमी में प्रवेश का दिलाया भरोसा

**-स्कूल में भी अच्छा मैदान बनवाएंगे, ताकि बढ़िया प्रेक्टिस कर सके**

**-सांसद ने खेला सुशीला के साथ क्रिकेट, बॉल पकड़ने की ट्रिक पूछी**

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और जहीर खान द्वारा प्रशंसा के बाद चर्चित हुई आदिवासी प्रतिभा सुशीला मीणा और उसके परिजनों से गुरुवार को सांसद डॉ.मन्नालाल रावत भी उसके गांव रामेर तालाब पिपलिया जाकर मिले। सांसद ने उसके साथ क्रिकेट भी खेला और बॉल पकड़ने की उसकी ट्रिक के बारे में भी पूछा। सांसद रावत गुरुवार सुबह प्रतापगढ जिले की धरियावद तहसील के गांव रामेर तालाब पिपलिया पहुंचे।

स्कूल की छुट्टियां होने से सुशीला मीणा घर पर ही अपने अभिभावकों के साथ थी। सांसद ने सुशीला और उसके माता पिता का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया और कहा कि आज सुशीला की वजह से पूरा आदिवासी समाज गौरवान्वित हो रहा है। सांसद को उसके पिता ने बताया कि गांव में और आसपास इन दिनों सुशीला की ही चर्चा है। जब से सुशीला का वीडियो वायरल हुआ है तब से वह गांव की चहेती बन गई है। सांसद ने परिवारजनों से बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि सुशीला की आगे की पढाई अच्छे विद्यालय में करवाने के साथ ही उसे अच्छी क्रिकेट अकादमी में प्रवेश दिलवाया जाएगा, ताकि गांव की यह बच्ची अपनी प्रतिभा को निखार सके। उन्होंने ग्रामीणों को भी भरोसा दिलाया कि स्कूल के विस्तार और अच्छा मैदान विकसित करने का प्रयास करेंगे ताकि वहां सुशीला और उसके जैसे दूसरे बच्चे भी प्रेक्टिस कर सके। सांसद श्री रावत ने सुशीला के घर पास ही उसके साथ क्रिकेट खेला और फिर बॉल पकड़ने की ट्रिक के बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसको किसी ने सिखाया नहीं है, बस देखकर सीख गई।

## उदयपुर जिले की थाना भूपालपुरा पुलिस की कार्रवाई

# पैसे मांगने की बात पर मारा था चाकू तीन युवकों पर किया था चाकू से हमला

**भूपालपुरा थाना क्षेत्र का मामला**

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर ।** जिले की भूपालपुरा थाना पुलिस ने चाकूबाजी के मामले में 12 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मुकेश सोनी ने बताया कि प्रार्थी चन्द्रप्रकाश उर्फ देवेन्द्र उर्फ जुगल पिता माधोसिंह निवासी सुभाषनगर ने थाने में रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया? कि 25 दिसंबर 2024 को रात करीब 11 बजे वह घर पर था।

उसके भानेज रोहित ने उसे बताया कि पड़ोस में रहने वाले गौरव रावत से वह रुपए मांगता है, जो उसे लेकर आने हैं। इस पर प्रार्थी चन्द्रप्रकाश, रोहित व उसका दोस्त भगवत सिंह तीनों गौरव रावत के घर गए और गौरव रावत को रुपए देने को कहा तो गौरव पैसे देने के बजाय बहस करने लगा। गौरव ने प्रार्थी, रोहित और भगवत सिंह पर चाकू से वार कर दिया। हमले में तीनों के शरीर पर चोट लगी। पीडित का आरोप है कि आरोपी गौरव ने जान से मारने की नियत से उन पर चाकू से वार किया था। इस पर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की थी। इधर, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी महेन्द्र सिंह रावत उर्फ गौरव रावत को गिरफ्तार किया। मामले में आगे जांच जारी है।

# बीएन पब्लिक स्कूल में दीक्षांत एवं विदाई समारोह आयोजित

पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल में विद्यालय स्तर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. सीमा नरूका ने बताया कि यह एक पेरेंट्स ओरिएंटेशन एवं अभिभावकों व छात्रों के लिए एक सम्मान समारोह था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कार्यवाहक अध्यक्ष बीएन संस्थान, सचिव डॉ महेंद्र सिंह अगरिया, संयुक्त सचिव राजेन्द्र सिंह ताणा, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह, एवं विद्यालय अध्यक्ष हनुमन्त सिंह बोहेड़ा थे।

कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। विद्यार्थियों को उनकी वर्ष पर्यंत हुई विभिन्न गतिविधियों में प्राप्त उपलब्धियों के आधार पर सम्मानित किया गया । प्रो सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों को एवं माता - पिता को स्किल बेस्ड शिक्षा, उच्च शिक्षा के उत्तम चयन एवं संस्कृति व ससंस्कारो के साथ शिक्षा का महत्व बताया एवम आगामी बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए एकाग्रता, अनुशाशन में रहते हुए पढ़ाई करने के लिए उदाहरण द्वारा बताते हुए शुभकामनाये दी। विद्यालय अध्यक्ष बोहेड़ा ने स्वागत उध्बोधन में श्री कृष्ण एवं संदीपन ऋषि के प्रसंग से शिक्षा एवं दीक्षांत समारोह के महत्व को बताया और विद्यार्थियों माता-पिता को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसी श्रृंखला में दोपहर में विद्यार्थियों के लिए %फेयरवेल 2024% समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. सीमा नरूका ने बताया कि यह समारोह कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा संचालित किया गया । कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, खेलों का आयोजन किया गया एवं टाइटल्स दिए गए। कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने विद्यालय से प्राप्त अनुभवों को एवं भावुक पलों को साझा किया। दोपहर के विदाई समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इशविन सच्चर, फैकल्टी एंड मोटीवेशनल स्पीकर आर्ट ऑफ लिविंग ने एक कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों को सही समय, दिशा, हुनर को पहचान कर भविष्य बनाना एवम मैडिटेशन का महत्व बताया। विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों को विभिन्न अवार्डस से नवाजा गया। मिस्टर और मिस फेयरवेल क्रमशः मान्धाता सिंह चौहान एवं सुश्री सिद्धि कुंवर बने ।मिस पापुलर राणावत प्रतीक्षा, मि. पापुलर कुलदीप सिंह चारण, मि.हैंडसम मानवजीत सिंह, मिस ब्यूटीफुल मीनाक्षी गुजर, आकर्षक एवं सुसज्जित पहनावा क्रमश मि.यशवर्धन सिंह कुम्पावत एवं मिस इशिता राठौड़, मि.अनुशासित विजयसिंह, मिस अनुशासित दीपिका, अर्ली बर्ड अवार्ड सुश्री हिबाखान और गजेंद्र सिंह एवं मिस सिंसियर गरिमा, मि.कृष्णपाल सिंह को दिया गया ।कार्यक्रम में कैटवॉक राउंड भी रखा गया। निर्णायक मंडल में श्रीमती अनिता गहलोत, ब्यूटीशियन एवं श्रीमती दिलप्रीत सचर, केबिन करू एवं समाज सेविका थे, कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संगीत शर्मा के साथ सुश्री साक्षी एवं खुश पोरवाल ने किया, कार्यक्रम संयोजिका डॉ मुरधर राठौड़ थी।

# जिला स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव में दिखी आंचलिक लोक संस्कृति की झलक

पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** टाऊन हॉल स्थित नगर निगम के सुखाड़िया रंगमंच पर जिला प्रशासन उदयपुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव की विविध प्रस्तुतियों में आंचलिक लोक संस्कृति की झलक दिखाई दी गई।जबकि लोक नृत्य गवरी एवं अन्य जनजातीय नृत्य की प्रस्तुतियां भी प्रदर्शित की गई। आयोजन समिति के सदस्य सचिव व सीडीइओ महेंद्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उदघाटन उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जबकि अध्यक्षता कर रहे शहर विधायक ताराचंद जैन एवं विशिष्ट अतिथि यूआईटी के पूर्व चेयरमेन रविंद्र श्रीमाली ने उपस्थित रहकर संभागियों को संबोधित किया। इस अवसर पर एडीएम सिटी वार सिंह एवं संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा रंजना कोठारी भी उपस्थित रहीं। जैन ने बताया कि युवा महोत्सव के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें भपंग में प्रथम तिलक राज मीणा कुराबड़,खड़ताल में राजवीर सिंह चौहान झल्लारा,कठपुतली में अनुष्का पुष्करण बडगांव,मांडना में जाह्नवी जोशी सलूंबर, रावण में हत्था मोक्षिता टेलर वल्लभनगर, फड़ में कुशाल कुमार सलूंबर,कृषि उत्पादों में विशाल जाट वल्लभनगर,टेक्सटाइल में उर्मिला वैष्णव बडगांव,हस्त कला में हेमंत सिंह गिर्वा, भाषण में धीरज चौबीसा झल्लारा,चित्रकला में पुष्कर लखारा गिर्वा,कहानी लेखन में दिव्या कुम्हार गोगुंदा,कविता लेखन में आरती मीणा ऋषभदेव,एकल लोक गायन में पंकज ढोली सलूंबर,विज्ञान मेला में सुनील सालवी जयसमन्द,एकल लोक नृत्य में पूजा चौबीसा भींडर,मोरचंग में सत्य प्रकाश व्यास भींडर, समूह लोक गायन में गुंजन व्यास एवं पार्टी भींडर,समूह लोक नृत्य में पूजा चौबीसा एवं पार्टी ब्लॉक भींडर से प्रथम स्थान पर रहे। आगामी दिनों में ये विजेता संभाग स्तर पर आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में उदयपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेताओं को समापन समारोह में मुख्य अतिथि माणिक्य लाल वर्मा श्रमजीवी कॉलेज के डीन डॉ.मलय पानेरी के हाथों विजेताओं को स्मृति चिह्न प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया,इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के प्रशासनिक सहायक जगदीश पुरी गोस्वामीभी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारत स्काउट एवं गाइड के सुरेंद्र कुमार पांडेय ने टीम सहित सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन किरण बाला भट्ट एवं चेतन औदिच्य द्वारा संयुक्त रूप से किया। सहायक निदेशक डॉ.दिनेश बंसल ने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

### मुआवजे को लेकर खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच ने उठाई आवाज

# आबादी क्षेत्र में 100 की बजाए 60 फीट रोड निकालने को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** बडग़ांव से कविता रोड तक प्रभावितों ने मुआवजे को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में श्री खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक शंकरलाल खटीक ने गरीब जनता के लिए उठाई आवाज हुए कहा कि यूआईटी 100 फिट रोड़ जो उदयपुर चारों तरफ़ से जोडऩे के लिए बनाई है उसमें सायफन से बडग़ांव तक 100 फीट से 60 फीट बनाई गई। क्योंकी वहां राजनेतिक लोग रहते है व राजनेतिक दबाव रखते है इसलिए सायफन से आरामशीन तक रोड 60 फीट किया गया। जबकि 100 फिट की रोड यूआईटी ने पास की इसीलिए थूर निवासी राष्ट्रीय एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर लाल खटीक ने आवाज उठाई और सीएम भजन लाल शर्मा से बात की। खटीक ने कहा कि चिकलवास, लोयरा, कविता, के ऊपर जो आबादी श्रेत्र में 100 फीट कि जगह इन गांव के अन्दर मेन रोड पर रहते हुए लोगों के लिए उन जगह 60 फीट रोड की जाए ये कॉपी भजन लाल शर्मा को हाथों हाथ दी गई और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आश्वासन दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर खटीक की अपील पर ध्यान दिया जाएगा और जहां जहां आबादी श्रेत्र है वहां 60 फीट किया जाएगा। बाकी 100 फीट किया जाएगा बाकी 100 फीट का नियम लागू किया जाएगा। जहा 60 फीट पर मकान जा रहे है वहां डीएलसी से 2 एक्स की मांग की इस पर यूआईटी के अधिकारियों से बात की यूआईटी के अधिकारियों ने कहा सरकार ने जो मुआवजा तय किया है यदि डबल मुआवजे की मांग करनी हो तो सरकार से बात करे इस बारे में फोन पर बात की गई सरकार ने मानते हुए हुए कहा कि इस पर विचार किया जाएगा और यूआईटी को अवगत करा दिया जाएगा कि कहा 60 फिट रोड निकालनी है बाकी 100 फीट रोड बडगांव से लेकर बोर्दिया हाइवे तक 100 फीट रोड बनाया जाएगा। जिसका कार्य शुरू हो चुका है अतः राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर लाल खटीक समाज सेवी भजन लाल शर्मा से बात करते हुए यह आग्रह किया है कि थूर, लॉयर, चिकलवास, कविता पर जो मेन रोड़ पर आबादी बस हुई हैं उस आबादी को 60फीट किया जाएगा बाकी 100 फीट बनेगा इस पर सरकार ने बात मानते हुए कहा कि ऑर्डर की कॉपी यूआईटी को पहुंचा दी जाएगी और जो 60 फीट में मकान जा रहे है उनके पेपर पूरे होने पर ही मुआवजा मिलेगा अतः राष्ट अध्यक्ष ने शंकर लाल खटीक ने कहा कि यदि ऑर्डर की कॉपी जल्द नहीं आई ओर आबादी में मकान गिराए गए तो हम इसका पुन रूप से विरोध करेंगे और आक्रोश करेंगे और इसका खामियाजा सरकार को चुनाव में देखने को मिलेगा इसलिए सरकार को इस पर विचार करना चाहिए सरकार ने कहा बहुत जल्द विचार करके फैसला लिया जाएगा और यूआईटी के पास ऑर्डर पहुंच जाएगा ऐसे होते हे समाज के सेवी 36 कॉम के लिए सरकार से लडऩे के लिए तैयार हो गए ओर एक कॉपी सचिवालय में दी गई और दूसरी कॉपी सीएम हाउस में दी गई सारी बातें फोन दूरभाष से भजन लाल शर्मा से सीधे बात की गई।

## सपा महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निधि यादव के व्यक्तित्व को महान बताते हुए दी जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनाएं

पदमावत मीडिया



**प्रयागराज।** माताओं, बहनों, युवाओं, बेबस मजलूमों, किसानों व ग़रीबों की रहनुमा सुख दुख में सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली व उनकी आवाज़ को बुलंद करने वाली उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की जॉर्जटाउन निवासी समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रयागराज की हंडिया विधानसभा से समाजवादी पार्टी की पूर्व प्रत्याशी निधि यादव का बुधवार 25 दिसंबर को 34 वा जन्म दिन था। निधि पूर्व माध्यमिक शिक्षा सचिव और समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी वासुदेव यादव की पुत्री हैं। निधि यादव की गिनती तेजतर्रार, लोकप्रिय और एक अच्छे राजनेता के रूप में होती है। उनके जन्म दिन 25 दिसंबर को आर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्ट्री फूलबाग कानपुर की किला मजदूर यूनियन के महामंत्री समीर बाजपेई ने उन्हें जनता का सच्चा सेवक और ईमानदार राजनेता बताते हुए निधि यादव के सदैव स्वस्थ,खुश और लंबी आयु के साथ राजनीति के सफर में उच्चतम शिखर तक पहुंच कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने की कामना के साथ उन्हें जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। यूनियन के महामंत्री समीर बाजपेई की ओर से प्राप्त शुभकामना संदेश में आगामी फरवरी 2027 में सम्भावित यूपी विधानसभा चुनाव में निधि के एक विधायक के रूप में चुने जाने की कामना भी आदिशक्ति से की गई है। जिससे निधि जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए गरीबों,मजलूमों,किसानों और महिलाओं की आवाज को विधानसभा में प्रमुखता से उठाते हुए सभी का दुःख दर्द दूर करने का काम करेंगी। क्यों कि निधि एक मुखर वक्ता के साथ प्रयागराज विश्विद्यालय की पूर्व छात्र नेता भी रही हैं। निधि यादव का विशाल व्यक्तित्व और जनकल्याण की भावना ही उन्हें महान बनाती है। निधि यादव ने जन्म दिन के शुभकामना संदेश के लिए किला मजदूर यूनियन के महामंत्री समीर बाजपेई को बहुत- बहुत धन्यवाद कहा है।

# वागड मेवाड प्रजापति समाज संस्थान का प्रतिभा सम्मान समारोह 29 को



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** वागड मेवाड प्रजापति समाज संस्थान उदयपुर व बांसवाडा संभाग का 22 वां प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार 29 दिसम्बर को आयोजित होगा। चित्रकूटनगर स्थित समाज के छात्रावास में होने वाले सम्मान समारोह में उदयपुर और बांसवाडा संभाग की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी भगवान प्रजापत ने बताया कि 22 वें प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित हुई। संस्थान अध्यक्ष डूंगरलाल प्रजापत ने बताया कि इससे पहले 21 प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किए जा चुके हैं। अब तक हजारों प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया हैं। रविवार को होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर आयोजित तैयारी बैठक में विभिन्न समितियों का गठन किया गया साथ ही सभी को जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने बताया कि कक्षा 10वीं, 12वीं व उच्च शिक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने के साथ सरकारी नौकरी में जाने वाले युवाओं के साथ–साथ प्रोफेशनल डिग्री धारियो का सम्मान किया जाएगा। संस्थान का यह प्रयास रहता है कि समाज की प्रतिभाओं को आगे लाया जाए ताकि उन्हें देखकर समाज के अन्य युवा भी प्रतिस्पर्धा के दौर में अपने आप को साबित करने के लिए आगे आ सकें।

## मेडिको-लीगल पहलुओं पर पीएमसीएच में विशेष व्याख्यान का आयोजन



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में मेडिको-लीगल पहलुओं पर रेडियोलॉजिस्ट एवं मेडिकल लीगल एक्सपर्ट डॉ.सुशील कुमार गुप्ता ने एक विशेष व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में पेसिफिक मेडिकल विश्वविद्यालय के प्रेसिडेन्ट डॉ. एम. एम. मंगल, पीएमसीएच के प्रिंसिपल एवं डीन डॉ.यू.एस.परिहार,डॉ.आर.के.पालीवाल,डॉ.एच. पी.गुप्ता,डॉ.कपिल व्यास एवं डॉ.नीता साही सहित कॉलेज के संकाय सदस्यों और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह व्याख्यान चिकित्सकों और चिकित्सा क्षेत्र के पेशेवरों के लिए कानूनी और नैतिक जिम्मेदारियों को समझने के महत्व पर केंद्रित था। व्याख्यान के दौरान डॉ.सुशील कुमार गुप्ता ने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत लोगों को अपने पेशेवर दायित्वों के साथ-साथ कानूनी नियमों की जानकारी होना क्यों आवश्यक है। डॉ.गुप्ता ने चिकित्सा के कानूनी पहलुओं, जैसे मरीज की सहमति,चिकित्सा लापरवाही और चिकित्सा रिकॉर्ड की गोपनीयता जैसे मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को वास्तविक मामलों के उदाहरण देते हुए जटिल कानूनी स्थितियों से निपटने के व्यावहारिक सुझाव भी दिए। सत्र के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस व्याख्यान का उद्देश्य छात्रों को चिकित्सकीय और कानूनी ज्ञान से रूबरू करना था ताकि वे भविष्य में अपनी जिम्मेदारियों को अधिक प्रभावी ढंग से निभा सकें। कार्यक्रम के अन्त में कॉलेज प्रशासन ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करने का आश्वासन दिया।

# खटीक समाज के सामूहिक विवाह की तैयारियों को मूर्त रूप देने के लिए पदाधिकारी की बैठक सम्पन्न



- खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन कार्यकारिणी का विस्तार
- बसंत पंचमी पर होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों में जूटे कार्यकर्ता

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की बैठक गुरुवार को प्रतापनगर स्थित डीके होटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की ओर से आगामी बसंती पंचमी 2 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले पहले निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही संगठन में अलग-अलग पद देकर जिम्मेदारियों सौंपी गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी के निर्देशन में संस्थापक जय निमावत ने खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें किशन सामरिया को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विजय निमावत को राष्ट्रीय मंत्री, लालचंद खटीक को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, विजय बागड़ी को शहर जिलाध्यक्ष, ओमप्रकाश डीडवानिया को देहात जिलाध्यक्ष, भेरुलाल चंदेल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रभुलाल सामरिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। बागड़ी ने कहां कि खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन को विश्वास है कि इन सभी पदाधिकारियों के नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा और सामाजिक कुरुतियों को समाप्त करने में अहम भुमिका रहेगी। बागड़ी ने कहां कि संगठन की मर्यादा को बनाए रखते हुए निःस्वार्थ भाव से सेवाएँ प्रदान करते हुए खाटीक समाज राष्ट्रीय संगठन का मुख्य मिशन सभी संगठनों एवं सभी दलों को समाज के एक जाजम पर बिठाकर समाज को एकता के सूत्र में बांधने का जो प्रयास खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन द्वारा किया जा रहा है इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सहयोग प्रदान करेंगे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, संस्थापक जय निमावत, राष्ट्रीय महासचिव पूरण खटीक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केशुलाल डिडवानिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभुलाल सामरिया, भेरूलाल चंदेल, दिनेश चौहान, राष्ट्रीय मंत्री किशनलाल सामरिया, विजय बागड़ी, राहुल बागड़ी, विजय निमावत, लालचंद खटीक, ओमप्रकाश डिडवानिया, घनश्याम चौहान, राजेश खटीक, प्रिंस बागड़ी, महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष माया बागड़ी, देहात उपाध्यक्ष कोमल बंशीवाल, शहर जिला अध्यक्ष तुलसी बाई खटीक सहित कई कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

### समूचे मुक्ताकाशी मंच पर दिखा विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों का सतरंगी संगम

# तमिलनाडु के कावड़ी कड़गम और ओडिशा के संबलपुरी डांस ने मोहा मन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के हवाला-शिल्पग्राम में चल रहे दस दिवसीय शिल्पग्राम महोत्सव के छठे दिन गुरुवार को मुक्ताकाशी मंच पर सैकड़ों लोक कला एवं संगीत प्रेमियों ने विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों और अन्य फोक प्रस्तुतियों का जमकर लुत्फ उठाया। साथ ही, लोक धुनों पर खूब जमकर झूमे। केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि लोक के रंग-लोक के संग थीम पर आधारित महोत्सव में देश के कोने कोने की लोक संस्कृति देखने दर्शक उमड़ने लगे हैं। खान बताते हैं कि जहां मेलार्थी सुबह से शाम तक स्टाल्स पर शिल्पकारों के उत्पाद देख व खरीद रहे हैं, वहीं शाम को लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां देखने में भी बहुत रुचि दिखा रहे हैं। लोक के रंग-लोक के संग' थीम से सजे देश भर की लोक संस्कृति से लबरेज शिल्पग्राम महोत्सव में छठा दिन भी दर्शकों के लिए यादगार बन गया। गुरुवार को मुक्ताकाशी मंच पर सांस्कृतिक सांझ सवा पांच बजे से सज गई। इसमें तमिलनाडु में देवता मुरुगन (भगवान कार्तिकेय) को रिझाने वाला डांस कावड़ी कड़गम, ओडिशा के पश्चिमी इलाकों में हर पर्व-त्योहार और मांगलिक अवसरों पर होने वाले संबलपुरी नृत्य पर दर्शक झूम उठे। वहीं, मणिपुर के चेरोल जागोई थांग-ता, पश्चिम बंगाल के राय बैंश और नटुआ (शिव स्तुति) में मार्शल आर्ट का रोमांचक प्रदर्शन देख दर्शक खूब रोमांचित भी हुए और तालियों सें शिल्पग्राम गूंजा दिया। इनके साथ ही मणिपुर का पुंगल ढोल चोलम में पुंग-ढोल की जहां खूबसूरत संगत दिखी, वहीं डांसर्स ने खूबसूरत नृत्य से दर्शकों का दिल जीत लिया। बिहू डांस में दर्शक हुए असमी संस्कृति से रूबरू

देश के तमाम राज्यों में, चाहे वह हरियाणा हो, राजस्थान हो, असम हो या कोई भी प्रदेश, वहां के ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां वाकई लोक संस्कृति बसती है, वहां फसल कटने के बाद उमंग से लोक नृत्य करने ना-ना प्रकार के व्यंजन खाने और नई पोशाकें पहनने की परंपरा रही है। इसकी बानगी गुरुवार को



पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र, उदयपुर के 'शिल्पग्राम महोत्सव' में मुक्ताकाशी मंच पर तब दिखाई दी, जब डांसर्स ने हरियाणवी घूमर और असम के बिहू डांस पर कदमों की खूबसूरत लयकारी दिखाई। तो, गुजरात के राठवा और ओडिशा का भगवान जगन्नाथ को समर्पित गोटीपुआ नृत्यों में नर्तकों ने एक्रोबेटिक करतबों के डांस में सम्मिश्रण का बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। इन प्रस्तुतियों से पूर्व कार्यक्रम का आगाज नगाड़ा वादन, गरासिया डांस वालार, पुरुलिया छाऊ नृत्य और मांगणियार गायन और मारवाड़ी सफेद आंगी गेर से हुआ, इन प्रस्तुतियों पर तमाम सामयिन झूम उठे। वहीं, सफेद आंगी गेर में चंग की धुन और गेरियों के नृत्य ने दर्शकों को होली पर होने वाली बच्चों की ढूंढ की याद दिला दी। दरअसल, यह गेर किसी भी परिवार के बच्चे की पहली होली पर होने वाली ढूंढ पर की जाती है।

### दर्शकों ने ठहाके भी लगाए

मुक्ताकाशी मंच पर दर्शक जहां लोक गीत-संगीत और नृत्य के साथ ही हास्य रस से भी रूबरू हुए। हास-परिहास से परिपूर्ण मुकाभिनय 'माइम' ने दर्शकों को इतना गुदगुदाया कि कुछ ही पलों में लोगों ने कई बार ठहाके लगाए। इसके साथ ही बहरूपिया प्रदर्शन ने भी दर्शकों को खूब हंसाया।

विदेशी सैलानी बोले- वाओ! वेरी नाइस... वंडरफुल केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि इस मर्तबा भारतीय संस्कृति और परंपरागत हस्तशिल्प के प्रति विदेशियों का भी रुझान देखा जा रहा है। प्रतिदिन विदेशी सैलानी आ रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को हॉलैंड (नीदरलैंड) की युवतियों जेसिका, कैयरा और युवक रायनियर ने हस्तशिल्पियों के स्टाल्स पर उत्पाद देखे, उन्हें सराहा और खरीदारी भी की।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित। मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।